नईदुनिया

भोपाल, 6 जून 2026

ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन आज की सबसे गंभीर चुनौती : भूरिया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वर्षा की अनियमितता, प्लास्टिक प्रदूषण और जल संकट को आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियां बताया।

सुश्री भूरिया ने कहा कि मानव गतिविधियों के कारण प्रकृति पर लगातार दबाव बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें समृद्ध प्राकृतिक विरासत दी है, जिसे संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधारोपण कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। अभियान के तहत झाबुआ जिले में 21 जून तक 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मंत्री ने निर्देश दिए कि पौधारोपण के साथ पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि वे वृक्ष बन सकें। इस कार्य की निगरानी 'मेरी लाइफ' ऐप के माध्यम से की जाएगी।

डॉ. यादव ने एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत अपेक्स बैंक परिसर में लगाया आम का पौधा

किसान हित और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों से प्रकृति मित्र बनकर धरती माता को हरा-भरा रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण और उनका संरक्षण आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने अपेक्स बैंक परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आम का पौधा रोपा। इस अवसर पर प्रदेशभर में अपेक्स बैंक और सहकारी समितियों द्वारा हरित सहकार अभियान के तहत एक लाख पौधे लगाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से राज्य में हरित विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश को 'मिल्क कैपिटल' बनाने की दिशा में भी सरकार कार्य कर रही है। दूध उत्पादन में वृद्धि से किसानों की आय बढ़ रही है। सीएम ने बताया कि किसानों के हित में कई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनमें फसल ऋण अवधि बढ़ाना और न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक लाभ दिलाना शामिल है।

सरकार सिंचाई, बिजली और कृषि उत्पादन बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दे रही है। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग सहित अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण का संकल्प लिया।

गोंड चित्रकला को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से मिलेगा वैश्विक बाजार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः *प्रदेश के जनजातीय कलाकारों की पारंपरिक गोंड चित्रकला को अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से वैश्विक बाजार उपलब्ध होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि यह कला जनजातीय समाज की प्राचीन और गौरवशाली पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। डिंडोरी जिले में आयोजित कार्यक्रम में 'अमेज़न ई-कारीगर' मंच का शुभारंभ किया गया तथा आजीविका ग्राम संगठन और डॉट्स एंड डैशेज संस्था के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस पहल के तहत गोंडी चित्रकला से जुड़े उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस योजना से पाटनगढ़ गांव के 157 परिवार सीधे लाभान्वित होंगे, जिनमें महिला और पुरुष कलाकार शामिल हैं। सरकार का उद्देश्य पारंपरिक कला का संरक्षण करते हुए कलाकारों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। श्री पटेल ने कहा कि इस पहल से कलाकारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर विकसित होंगे।*

पेज एक से जारी खबर का शेष...

8 आईपीएस और राज्य पुलिस...

8. रूपेश कुमार द्विवेदी	इंदौर ग्रामीण से पुलिस मुख्यालय भोपाल
9. कमल मौर्य	मुरैना से कटनी
10. हेमलता कुरील	मंदसौर से पुलिस मुख्यालय भोपाल
11. रामसनेही मिश्रा	इंदौर से मंदसौर
12. प्रमोद कुमार सोनकर	इंदौर से भोपाल ग्रामीण
13. प्रदीप पटेल	अलीराजपुर से भिंड
14. नीरज सोनी	पांडुर्णा से पुलिस मुख्यालय भोपाल
15. प्रतिमा पटेल	सागर से पीटीएस सागर का अतिरिक्त प्रभार
16. मनु व्यास	पीएचक्यू रीवा से पीएचक्यू भोपाल
17. प्रदीप शेण्डे	मंडला से बुरहानपुर
18. जयवीर सिंह भदौरिया	देवास से बीना (सागर)
19. रचना मुकाती भदौरिया	इंदौर से 8वीं वाहिनी छिंदवाड़ा
20. मनकामना प्रसाद	पीएचक्यू भोपाल से पांढुर्णा
21. अन्तर सिंह कनेश	बुरहानपुर से अशोकनगर
22. डॉ. संजीव कुमार उड़के	सागर से शिवपुरी
23. ज्योति ठाकुर	निवाड़ी से पीटीएस पचमढ़ी
25. नवल सिंह सिसोदिया	नीमच से 9वीं वाहिनी रीवा
24. गजेंद्र सिंह वर्धमान	पचमढ़ी से देवास
26. रश्मि धुर्वे	बालाघाट से धार
27. सुनीता रावत	सीहोर से रेल पुलिस अधीक्षक
28. कमलेश कुमार	रायसेन से बैतूल
29. गजेंद्र सिंह कंवर	अशोकनगर से खंडवा
30. सुनील कुमार शिवहरे	दतिया से पुलिस मुख्यालय भोपाल
31. गौतम सोलंकी	भोपाल से इंदौर नगरीय पुलिस
32. डॉ. नीरज चौरासिया	भोपाल ग्रामीण से 5वीं वाहिनी मुरैना
33. आरती सिंह महाजन	रीवा से पीटीसी इंदौर
34. शिवेश सिंह बघेल	सतना से ग्वालियर
35. विक्रम सिंह-	मऊगंज से इंदौर
36. मंजीत सिंह चावला	इंदौर से दतिया
37. ऋषि सिरोठिया	जबलपुर जोन से रेडियो मुख्यालय भोपाल
38. नितेश भार्गव	भोपाल से बालाघाट
39. बल्लभ सैयाम	मंडला से 23वीं वाहिनी भोपाल
40. मनोज कर्वेती	ग्वालियर से 18वीं वाहिनी शिवपुरी
41. लोकेश कुमार सिन्हा	सागर से एमएफ भोपाल
42. लवली सोनी	पीटीएस सागर से रेल इंदौर
43. स्टेला सूलिया	भोपाल से नारकोटिक्स इंदौर
44. राकेश पंद्रो	बालाघाट से रतलाम
45. कमला जोशी	बैतूल से सीधी
46. संतोष कुमार डेहरिया	कटनी से 36वीं वाहिनी बालाघाट
47. अलोक शर्मा	36वीं वाहिनी बालाघाट से उमरिया
48. हेमलता अग्रवाल	उज्जैन से नीमच
49. संजीव पाठक	भिंड से भोपाल नगरीय पुलिस
50. स्वाति मुराब	पीएचक्यू भोपाल से पीटीएस उमरिया
52. एलरिज विसेंट	नर्मदापुरम से एसटीएफ
51. संजीव मुले	शिवपुरी से पुलिस मुख्यालय नर्मदापुरम
53. मलकीत सिंह	भोपाल से आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (श्व्रह्रङ्ख)
54. गीता डोंगरे चौहान	पीटीसी इंदौर से भोपाल नगरीय पुलिस
55. मनोज शर्मा	रीवा से पीटीआरआई भोपाल
56. विक्रम रघुवंशी	पीटीआरआई भोपाल से इंदौर ट्रैफिक
57. मान सिंह ठाकुर	गुना से एसटीएफ भोपाल
58. अरविंद श्रीवास्तव	सीधी से एसटीएस रीवा
59. अखिलेश तिवारी	एसटीएस रीवा से यातायात जबलपुर
60. नरेंद्र सोलंकी	8वीं वाहिनी छिंदवाड़ा से सागर
61. ज्योति उमठ	भोपाल से अलीराजपुर
62. ऋतु केबरे	शिवपुरी से 13वीं वाहिनी ग्वालियर
63. प्रशांत सिंह सुमन	गुना से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, गुना
64. हेमंत चौहान	रेल इंदौर से रीवा
65. शशिकांत सरयाम	रीवा से मऊगंज
66. दीपक नायक	भोपाल से रायसेन।

पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

5 दिनों में 1.45 करोड़ की संपत्ति जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले 5 दिनों के भीतर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 करोड़ 45 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ और संपत्ति जब्त की है। इस दौरान गांजा, स्मैक, अफीम, एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा सहित कई नशीले पदार्थ पकड़े गए हैं तथा कई तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

बड़वानी जिले में वरला थाना पुलिस ने ग्राम पांजरिया से 1 क्विंटल 47 किलोग्राम गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शिवपुरी में दो मामलों में स्मैक, नगदी और वाहन सहित करीब 30 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। दतिया में 86.85 किलोग्राम गांजा और कार के साथ एक तस्कर पकड़ा गया।

गुना में स्मैक और गांजा सहित चार आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, जबकि दमोह में स्मैक और गांजा के साथ तीन आरोपी पकड़े गए। आगर मालवा में 102 किलो से अधिक डोडाचूरा और वाहन जब्त किए गए। रतलाम में अफीम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार हुआ।

इंदौर, मंदसौर, हरदा, खंडवा, उज्जैन, भोपाल और सीधी जिलों में भी पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ और तस्करी में उपयोग वाहन जब्त किए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं।

पर्यावरण संरक्षण सभी की साझा जिम्मेदारी : टेटवाल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। वे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने बताया कि प्रदेश की सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में 200-200 पौधे लगाए जाएंगे तथा ग्लोबल स्किल्स पार्क में 1000 पौधों का रोपण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री से मिलीं पर्वतारोही अंजना यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को रायसेन जिले के सेमरी गांव की रहने वाली पर्वतारोही बेटी सुश्री अंजना यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। डॉ. यादव ने सुश्री अंजना को उसकी अतुलनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि सुश्री अंजना यादव ने हाल ही में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउण्ट एवरेस्ट (कुल 8848.86 मीटर ऊंची) के टॉप पाइंट पर सफलतापूर्वक फतह हासिल कर देश-दुनिया में प्रदेश का नाम रौशन किया है।

मुख्य सचिव ने लगाया नीम का पेड़

भोपालः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शुक्रवार को वल्लभ भवन परिसर में नीम का पेड़ लगाया। श्री जैन ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए पर्यावरण की रक्षा की अपील की। अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला ने भी आंवले का पौधा लगाया।

वृक्ष मानवता को जीवन, ऊर्जा और भविष्य प्रदान करता है : देवड़ा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि वृक्ष धरती को केवल हरियाली नहीं देता, बल्कि मानवता को जीवन, ऊर्जा और भविष्य प्रदान करता है। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत भोपाल के महाराणा प्रताप मंडल में आरोग्य वाटिका में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर पौध-रोपण किया। श्री देवड़ा ने कहा प्रकृति केवल हमारे जीवन का आधार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की भी सबसे बड़ी पूंजी है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों के इस दौर में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह प्रकृति संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश मंत्री एवं राज्यसभा प्रत्याशी रजनीश अग्रवाल, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, महापौर श्रीमती मालती राय एवं टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

अभियान *अयोध्या बायपास बनेगा ग्रीन कॉरिडोर, विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर जोर...*

प्रदेश में सड़क निर्माण के साथ हरित विकास को मिलेगा नया आयाम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में सड़क एवं परिवहन अधोसंरचना के विकास को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की अवधारणा के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल आधुनिक सड़क नेटवर्क तैयार करना नहीं है, बल्कि विकास कार्यों के साथ हरित आवरण को भी मजबूत करना है।

अयोध्या बायपास परियोजना को इस दिशा में एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत 7,871 पेड़ों की कटाई के एवज में लगभग 80 हजार पौधे लगाए जाएंगे, जो लगभग दस गुना अधिक प्रतिपूर्ति होगी। इसके अलावा बायपास के दोनों ओर करीब 10 हजार पौधे लगाकर इसे ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने के साथ-साथ क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को भी बढ़ाएगी। झिरनिया और झगरिया खुर्द क्षेत्रों में लगभग 70 हजार पौधों के रोपण की तैयारी पूरी कर ली गई है, जिसे आगामी मानसून में लागू किया जाएगा। पौधरोपण अभियान के तहत क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अयोध्या बायपास चौड़ीकरण परियोजना पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए इसे आवश्यक बताया गया।

परियोजना के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं के सुचारु संचालन पर भी ध्यान दिया जा रहा है। एनएचएआई और नगर निगम के बीच समन्वय स्थापित कर तकनीकी कार्य चरणबद्ध तरीके से किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सरकार का मानना है कि यह परियोजना भविष्य में सतत और पर्यावरण अनुकूल विकास का उदाहरण बनेगी।

पुलिस मुख्यालय के चर्चे...

• डॉ. शिशिर उपाध्याय

• दावा ऐसा कि माफिया भी शर्मा जाए, नतीजा ऐसा कि सब चौंक जाएं...

साहब ने बैठक में इतनी जोरदार घोषणा की कि जिले से नशे का कारोबार पूरी तरह खत्म हो चुका है। सुनने वालों को लगा कि अब शायद नशा माफिया को दूसरे ग्रह पर कारोबार करना पड़ेगा। लेकिन माफिया ने भी शायद साहब की बात को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। कुछ ही दिनों बाद करोड़ों रुपये की नशे में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद हो गई। अब लोग पूछ रहे हैं कि नशा गया था या सिर्फ आंकड़ों में गायब हुआ था? फिलहाल साहब के दावों की चर्चा, बरामद माल से ज्यादा हो रही है।

• फाइल बंद समझी थी, लेकिन जिन्न फिर बोतल से बाहर आ गया...

एक समय के चर्चित तारा कप्तान साहब को लगा था कि जिले से विदाई के साथ एक पुराना मामला भी इतिहास बन जाएगा। लेकिन किस्मत को शायद कुछ और मंजूर था। मामला फिर से उठ खड़ा हुआ है और अब चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकार मुस्कुरा कर कह रहे हैं कि कुछ फाइलें ऐसी होती हैं, जो अलमारी में नहीं, वक्त की जेब में रखी रहती हैं।

• मौका मिल जाए, फिर देखिए कमाल...

नई पदस्थापना की चर्चाओं के मौसम में एक साहब ने अपने शुभचिंतक माननीय के दरबार में हाजिरी लगाई। संदेश सीधा था— 'एक मौका दे दीजिए, फिर शिकायत का अवसर नहीं मिलेगा।' अब साहब को मौका मिले या न मिले, लेकिन उनके प्रयासों की चर्चा जरूर दूर-दूर तक पहुंच गई है। कहते हैं कि कुर्सी का आकर्षण गुरुत्वाकर्षण से भी ज्यादा ताकतवर होता है।

• मामला इतना बड़ा निकलेगा, यह किसी ने सोचा नहीं था...



एक हाईप्रोफाइल प्रकरण में फोन की घंटियां अब कई लोगों की धड़कनें बढ़ा रही हैं। जिन लोगों को कभी लगा था कि एक कॉल से ज्यादा उनका कोई संबंध नहीं है, वे अब हर मिलने वाले को यही समझा रहे हैं कि 'हम तो बस सुन रहे थे।' लेकिन जांच एजेंसियां सुनने और समझने के बीच का अंतर तलाशने में लगी हैं।



• हनी ट्रैप-2 और सफाई का सीजन...

हनी ट्रैप-2 की आहट के साथ कुछ चेहरे बिना नाम आए ही बेचैन दिखाई देने लगे हैं। दिलचस्प बात यह है कि आरोप अभी तय नहीं हुए, लेकिन सफाइयां पहले से तैयार हैं। साथी लोग मुस्कुराकर बस इतना कह रहे हैं कि जब दाढ़ी में तिनका न हो तो आदमी बार-बार आईना नहीं देखता।

• भरोसा इतना कि शक होने लगा...

सीमावर्ती जिले में नशे के खिलाफ अभियान जारी है, लेकिन कारोबार भी पूरे आत्मविश्वास से चल रहा है। अब लोग कह रहे हैं कि या तो नशा माफिया बहुत प्रतिभाशाली है, या फिर किसी का भरोसा कुछ ज्यादा ही मजबूत है। चर्चा यह भी है कि जहां धुआं लगातार उठता रहे, वहां सिर्फ मौसम को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com